4162(E)
19/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक–18/06/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, कोचस के अन्तर्गत दिनारा–बरॉव पथ के कि०मी० 0.00 से 23.50 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2018–19 कार्य के द्वितीय समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**2.** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2003(अनु०) दिनांक–17.06.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | दिनारा–बरॉव पथ के कि०मी० 0.00 से 23.50 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2018–19 |
| 2.2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹4425.61 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–1846(एस०) दिनांक–21.02.2019 |
| 2.3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹4799.80 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–777(अनु०) दिनांक–13.03.2019 |
| 2.4 | एकरारनामा संख्या | : | 04/SBD/2019-20 |
| 2.5 | एकरारनामा की राशि | : | ₹37,07,89,002.00 |
| 2.6 | संवेदक का नाम | : | M/s Waris Buildcon (I) Pvt. Ltd. |
| 2.7 | एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि | : | 29.11.2019 |
| 2.8 | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | : | 28.11.2021 |
| 2.9 | कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि | : | 15.03.2026 |
| 2.10 | प्रथम समयवृद्धि की तिथि | : | 23.11.2022 |

2.11 माँग की गई द्वितीय समयवृद्धि की तिथि : 15.03.2026

3. <u>**समयवृद्धि का कारण**</u> :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कोचस की अनुशंसा दिनांक–24.02.2026 के अनुसार समयवृद्धि का कारण निम्नवत् है:–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | NOC from Irrigation Department | मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, डिहरी के पत्रांक–2899 दिनांक–29.08.2022 द्वारा पथ प्रमंडल, कोचस के अन्तर्गत दिनारा–बरॉव पथ के 11वां कि०मी० (इंदौर राजवाहा कैनाल धर्मपुरा फॉल) एवं 17.20 कि०मी० (कोचस राजवाहा कैनाल) पर Box Culvert निर्माण कार्य हेतु निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र के कंडिका–2 के आलोक में अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा एवं अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा द्वारा दिनांक–18.10.2024 को उक्त दोनों स्थलों पर सिंचाई विभाग के कैनाल के पास निर्मित Retaining Wall को कट करते हुए 1/63/0 आकार का Box Culvert का स्वीकृत रूपांकन एवं विशिष्टियों के अनुरूप निर्माण कार्य के साथ–साथ कट किये गये Retaining Wall को पुनः मरम्मति का कार्य कुल 55 दिनों के अन्दर (दिनांक–01.11.2024 से दिनांक–25.12.2024 तक) करने हेतु सहमति दी गई। पुनः अधीक्षण अभियंता, सोन नहर अंचल, आरा के पत्रांक–2319 दिनांक–24.10.2024 के माध्यम से उक्त दोनों स्थलों पर पुलिया का निर्माण कार्य 10 दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। परन्तु नहर में पानी का प्रवाह कम नहीं होने के कारण उक्त अवधि में पुलिया का निर्माण कार्य नहीं किया जा सका। वर्त्तमान कृषि मौसम के पश्चात् मार्च–2025 से मई–2025 तक नहर में सिंचाई विभाग द्वारा जल प्रवाह बंद किये जाने के फलाफल उक्त दोनों स्थलों पर उक्त अवधि में पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। |
| (ii) | Work order for Utility Shifting from Electricity Department | दिनारा–बरॉव पथ के 11वां कि०मी० (इंदौर राजवाहा के धर्मपुरा फॉल) एवं 17.20 कि०मी० (कोचस राजवाहा कैनाल पर नवनिर्मित Box Culvert के Approach में Electricity Pole होने के कारण सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत् Utility |

| | | |
|---|---|---|
| | | Shifting कार्य हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्त्ति प्रमंडल, सासाराम द्वारा पत्रांक–2605 दिनांक–05.12.2025 के माध्यम से उक्त पथ में Utility Shifting कार्य हेतु जमा योजना अन्तर्गत स्वीकृति प्राक्कलन के अनुसार विभागीय शुल्क की राशि जमा करने हेतु अनुरोध किया गया था। उक्त के आलोक में इस कार्यालय द्वारा दिनांक–24.12.2025 से ₹24,524.00 मात्र विभागीय शुल्क के रूप में जमा करवा दिया गया है। परन्तु अभी तक विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्त्ति प्रमंडल, सासाराम द्वारा उक्त पथ में Utility Shifting कार्य हेतु कार्यादेश नहीं किया गया है, जिसके कारण उक्त दोनों स्थल पर निर्मित पुलियाँ के पहुँच पथ में लगभग 50 मी० लम्बाई में Bituminous work शेष है।<br>अतः उक्त कार्य को पूर्ण करने हेतु दिनांक–15.03.2026 तक समयवृद्धि प्रदान करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। |

4. **कार्यपालक अभियंता का मन्तव्यः–**

विषयांकित कार्य के समयवृद्धि के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रतिवेदित है कि–कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता के अनुशंसा के आलोक में दिनांक–15.03.2026 तक समयवृद्धि प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कोचस का पत्रांक–843 दिनांक–29.05.2026 द्वारा प्रतिवेदित है कि कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

5. **अधीक्षण अभियंता का मन्तव्यः–**

विषयांकित कार्य के समयवृद्धि के संबंध में अधीक्षण अभियंता के द्वारा प्रतिवेदित है कि– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कोचस एवं सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, कोचस के अनुशंसा के आलोक में कार्य को दिनांक–15.03.2026 तक पूरा करने की समयवृद्धि प्रदान की जा सकती है।

6. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसा :–**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् कार्यहित में विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक–15.03.2026 तक स्वीकृत करने की अनुशंसा की जाती है।

प्रभारी सहायक
hc
19/06/26

7. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय</u> :–

7.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2003(अनु०) दिनांक–17.06.2026 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के अनुसार कार्य दिनांक–15.03.2026 को समाप्त हो चुका है। तद्‌लोक में पथ प्रमंडल, कोचस के अन्तर्गत दिनारा–बरॉव पथ के कि०मी० 0.00 से 23.50 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2018–19 (एकरारनामा संख्या–04/SBD/2019-20) कार्य हेतु दिनांक–15.03.2026 तक **Price Neutralization** के साथ द्वितीय समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

7.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18/06/26 | 18/06/26 | 18/06/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–63/2025 4162(E) पटना, दिनांक 19/6/2026

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कोचस को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।